




हिन्दी मासिक


# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 8 • अंक 112 • अक्टूबर- 2014 • मूल्य : 150/- वार्षिक


## विधान सभा चुनाव में विजयी माली सैनी विधायक



श्री छगन भुजबल,
येलवा (महाराष्ट्र)
एनसीपी



डॉ. पवन सैनी लाडवा
(कुरुक्षेत्र)
भाजपा



श्री पंकज भुजबल
नंदगांव (महाराष्ट्र)
एनसीपी

## माली सैनी संदेश परिवार

की ओर से हार्दिक बधाई एवं मंगलकामना










समाज रत्न श्री भगवान सिंह परिहार

की ओर से समस्त समाजबंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

# समाज रत्न श्री भगवान सिंह परिहार के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम की झलकियां



संत मुनीवर श्री भगवान सिंह परिहार को
आशीर्वाद देते हुए



श्री भगवान सिंह परिहार के साथ
श्री ऊँकारराम कच्छवाहा
श्री हरीश एवं श्रीमती वीणा भाटी



श्री भगवान सिंह पहरार को माल्यार्पण करते
माली सैनी संदेश संपादक
मनीष गहलोत एवं सत्पत् सचिव श्री राजेश गहलोत



रक्तदान करते हुए युवक-युवतियां



श्री भगवान सिंह परिहार का माल्यार्पण करते महापौर
श्री रामेश्वर दाधिच एवं विधायक श्रीमती सूर्यकांता व्यास




रक्तदान करती हुई महिलाएं



युवाओं द्वारा श्री भगवानसिंह परिहार का स्वागत



श्री राजेन्द्र सोलंकी एवं पार्षद श्री मंयक देवड़ा
रक्तदान करते मनीष गहलोत के साथ




जोधपुर भवन हरिद्वार के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी
सदस्य एवं अन्य रक्तदाता का उत्साह वर्धन करते हुए




जरूरत मंद महिलाओं को सिलाई मशीन
प्रदान कते अतिथिगण




रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते श्री भगवान सिंह परिहार एवं
राजेश गहलोत साथ में राजीव गांधी क्लब के पदाधिकारीगण



उपस्थित मेहमानों को संस्थान के कार्यप्रणाली की
जानकारी प्रदान करते श्री लक्ष्मणराम टाक

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 112 ● अक्टूबर - 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

**सह संरक्षकः**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(पूर्व पार्षद)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

## समाज रत्न श्री भगवानसिंह परिहार के दीर्घायु होने की मंगल कामना– गहलोत




- पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा, पढ़ाई में कोई कमी न रखें
- आपसी भाईचारे व सहयोग से ही आगे बढ़ता है समाज : सांसद
- मां आशुपरा नाडोल व सोनाणा खेतलाजी पावन पद यात्रा संघ रवाना
- महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिभा के अनावरण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा ,-समाज के सुधार के लिए आगे चाहिए सभी को बेटियों को पढ़ाने पर जोर भी दिया।
- बालिका शिक्षा से ही समाज का विकास : श्री राजेन्द्र गहलोत
- समाज की शिक्षिका डॉ. मंजूलता सैनी को पीएचडी
- भागवत कथा का आयोजन
- माली समाज का प्रतिभा सम्मान 2 को
- विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : श्री राजेन्द्र गहलोत
- अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन की आम सभा 5 नवम्बर को पुष्कर में
- संगोष्ठी माली-सैनी समाज की राष्ट्रीय संगौष्ठी आयोजित हुई,
- बैठक में मुख्य फोकस शिक्षा और बच्चे रहे
- अध्यक्ष एवं 10 प्रतिभाओं को सम्मानित किया
- कार्रवाई नहीं होने से माली समाज के लोगों में आक्रोश,
- कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग
- रक्तदान शिविर का आयोजन 154 जनो ने किया रक्तदान
- नवयुवक मण्डल के 201 युवाओं ने किया रक्तदान

# सम्पादक की कलम से ...



दीपावली पर्व की परम्परा समाज के उमंग और उत्साह की परम्परा है, जो प्राचीन काल से चली आ रही है। यह एक निरन्तर प्रवाहित होने वाली धारा है जो सामाजिक प्रसन्नता को अभिव्यक्ति देती है। इसके आयाम विभिन्न होते हैं जो भिन्न-भिन्न त्यौहारों और अवसरों पर अनेकानेक रूप में प्रकट होते है। 'तमसो मां ज्यातिर्गमय' की वैदिक कल्पना हमारी संस्कृति को उजागर करने वाली तो है ही, साथ ही हमारे नैतिक मूल्यों के प्रतीक रूप में भी आदर्श की स्थापना करती है। प्रकाश सत्य का प्रतीक है और अंधकार असत्य का प्रकाश अंधकार पर सदैव विजय प्राप्त करता है चाहे वह कितना ही भयावह हो। इसलिए यह कल्पना की गई है कि प्रकाश पुंज फैला कर हर प्रकार के तिमिर को भगाने का प्रयास किया जाए।

सम्भव: असंख्य दीपकों की पंक्ति मौहल्ले की गलियों का अंधकार कुछ समय के लिए भगाने में समर्थ हो भी जाती होगी, किन्तु उस समाज और समाज की इकाई मनुष्य के हृदय में बसे अंधकार को तनिक भी भगाने में समर्थ है? यह एक सामान्य प्रश्न नहीं है। इस ज्वलन्त प्रश्न पर कितने लोग विचार करते है? यह विचारणीय ही नहीं चिन्तनीय भी है। बार का तिमिर यदि न भी हटे तब भी कोई बात नहीं किन्तु अन्तस का तिमिर मनुष्य समाज और राष्ट्र के हित में हटाना चाहिए। आज दीपावली मनाना एक रूढ़ी बन गया है।

दीपावली पर दीप जलाकर अंधकार भगाने का सन्तोष कर लेना है। एक औपचारिकता त्यौंहारों में भी घर कर गई है जो उत्सवों तथा पर्वो के वास्तविक स्वरूप को विकृत कर रही है। वास्तविक उद्देश्य लुप्त हो चुका है तथा बाहरी रूप हैसियत स्तर का प्रतीक बन गया है। जो जितना सम्पन्न उसका त्यौंहार भी महंगा और चमक दमक वाला। इसके विपरीत जो विपत्र है उसके लिए परम्परा का निर्वाह अनिवार्य है। हां, जगमगाहट से बाहर प्रकाश की किरण नहीं और जिस दिन दीपों का आलोक हमारे भीतर तक पहुंच जाएगा, उस दिन त्यौंहारों का मनाना सार्थक हो जाएगा।

लक्ष्मी एक प्रतीक है सम्पन्नता की, ऐश्वर्य और सुख की, किन्तु हम हैं केवल उसकी तस्वीर की पूजा में ही शताब्दियों से लगे हैं। कन में अंधकार भरे, हाथ विपन्नता से पूर्ण और अभाव से पपड़ाए होठों पर जीभ घुमा-घुमा कर प्रार्थना करते हुए हर वर्ष सुख समृद्धि की कामना करते हैं। काश कि लक्ष्मी कह पाती कि पागल मनुष्य, तू केवल दीपक जलाकर समृद्धि चाहता है यह कैसे सम्भव है, यदि तुम्हें अम्पन्नता ही चाहिए तो अपने भीतर आलोक फैला। एक धर्म से दूसरे धर्म तक दरार बहुत चौड़ी होने लगी है। मुस्कान का आन्तरिक भावों से कोई नाता नहीं है। कथनी और करनी असंगत हो गई है। महल कुटी से बहुत ऊंचा होता जा रहा है। सह यात्री पर सन्देह बढ़ गया है। दृष्टि में शंका और अविश्वास घर कर गए हैं। निजी स्वार्थ मनुष्यता को रोंदकर आगे बढ़ने की होड़ लगा रहा है। सच्चाई बेचारी शहर छोड़कर भाग गई थी अब उसे गांव भी छोड़ने पड़े हैं। एक दो नहीं अनेक ऐसे अंधेरे हैं जो भीतर ही भीतर गहरे होते जा रहे हैं। आदमी से आदमी दूर होता जा रहा है और दीपों का आलोक नकली और बेमाना सा लगता है। भाव शून्य चेहरों वाले हाथ अभ्यास वश दीप जला देते हैं, किन्तु मुस्कान अंधेरों की देहरी पर भी चढ़ना भूल गई। अभाव उसे तनाव में जीने के लिए विवश कर रहे हैं। इसलिए दीपावली ही नहीं हर त्यौंहार उसके धैर्य की परीक्षा लेते जान पड़ते हैं।

भूख और अभाव ने उसके विश्वास को खण्डित कर दिया है। एक असन्तोष जो उसके भीतर वर्षो से उबल रहा है- आज नहीं तो कल ज्वालामुखी के लावे की भांति फूटकर निकलेगा अवश्य, किन्तु अभी वह मुस्करा कर दुख झेलता है, कष्ट उठाता है। दीप जलाता है और भ्रम पालता हूं। ऐसे माहौल में परम्परा के निर्वाह के अतिरिक्त कौन से जीवन आदर्श की स्थापना हो रही है? केवल मानने के लिए मानना और जीन के लिए जीना आदमी की नियति बन गई है। किसी की दीपावली रौनक के साथ रोज मनती है तो कोई जानता भी नहीं कि दीपावली क्या होती है और कोई दीपावली होने का अनुमान इस बात से लगता है कि अब अभाव और कष्ट की सूची भेद तम में से एक रोटी की प्रकाश किरण निकलती है। वह कह उठता है कि आज दीपावली है। अन्यथा पहली आवश्यकता की पूर्ति के बिना सब कुछ फीका लगता है।

गंदी गलियों की गोदी में भारत की जवानी सोती है। वसनों के लिए बिलखती ओ 'रोटी' के खातिर रोती है। शेषित सा स्वेद बहाकर भी संध्या को आहें भर सोते दो जून मिले भरपेट अन्न उस रोज दिवाली होती है।

**वास्तव में दीपावली उसी दिन होगी जब मनुष्य को समाज में जीवन जीने के सामान्य साधन प्राप्त होंगे और तभी दीपावली की सार्थकता है अन्यथा जीवन और नैतिक मूल्यों में पहले व्यक्ति जीवन को मूलभूत आवश्यकताओं को प्राप्त करने का प्रयास करेगा। सांस्कृतिक मूल्यों का अर्थ तभी है जब पेट भरा हो और चेहरा चिन्ता से ग्रस्त न हो।**

## जय माली सैनी समाज

## दीपावली की सार्थकता..



**मनीष गहलोत**
**प्रधान सम्पादक**

रक्तदान में उमड़ें युवा, शहरवासियों में रही बधाई देने की होड़

# समाज रत्न श्री भगवानसिंह परिहार के दीर्घायु होने की मंगल कामना– गहलोत

## नवजीवन संस्थान की ओर से जरूरतमंद 31 महिलाओं को दी गई सिलाई मशीनें




जोधपुर। नवजीवन संस्थान के संरक्षक एवं लव कुश शिशु गृह के संस्थापक भगवानसिंह परिहार के 87वें जमदिवस पर माली सैनी संदेश एवं सत्पत सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में राजीव गांधी युवा क्लब बालरवा के सहयोग से 158 युवाओं ने रक्तदान किया।

श्री भगवान सिंह परिहार के 86 वें जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में माली सैनी समाज ही नहीं जोधपुर शहर वासियों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। समाज रत्न को बधाई देने वालों का सिलसिला प्रात: से ही शुरू हो गया। लोगों का उत्साह देखने लायक था हर कोई समाजरत्न के जन्मदिवस पर रक्तदान कर उनके दिर्घायु होने की कामना कर रहा था युवाओं के साथ ही महिलाओं एवं बुर्जगों ने भी रक्तदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। प्रात: 10 बजे से शुरू हुए रक्तदान शिविर में दोपहर 3 बजे तक 158 शहरवसियों एवं आस–पास के ग्रामिण इलाकें से आयें लोगों ने रक्त दान किया। नव विवाहित युगल ने अपने गांव से यहां मोटरसाईकिल पर आ कर रक्तदान कर श्री भगवान सिंह परिहार के प्रति जो सम्मान प्रकट किया उसकी सभी ने सराहना की।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने अपने अतिव्यस्त कार्यक्रम के बावजूद समय निकाल श्री भगवान सिंह परिहार को फोन कर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की तथा उनके द्वारा किये जा रहे मानव हितार्थ कार्यो की सराहना की। श्री अशोक गहलोत ने पूर्व में सर्किट हाउस में माली सैनी संदेश व सत्पत् सोसायटी के सदस्यों के द्वारा श्री भगवान सिंह परिहार के जन्मदिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर के बैनर का लोकार्पण किया तथा आयोजकों को अग्रिम बधाई देते हुए कहा ऐसे महान व्यक्तित्व के सम्मान में जो भी कार्य किया जाए वो कम है। हम उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लें तथा समाज के अन्य व्यक्तियों को भी मानव हितार्थ सेवा करने हेतु प्रेरित करें।

इस मौके नवजीवन संस्थान की ओर से जरूरमंदों 31 महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान की गई ताकि महिलाएं स्वरोजगार के प्रति अग्रसर हो सके। कार्यक्रम में जेडीए के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेन्द्रसिंह सोलंकी, जोधपुर महापौर श्री रामेश्वर दाधीच, सूरसागर विधायक श्रीमती सूर्यकांता व्यास, माली संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, जोधपुर भवन धर्मशाला हरिद्वार के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान पुष्कर के अध्यक्ष श्री ऊंकारराम कच्छवाह, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, सत्पत सोसायटी के सचिव श्री राजेश गहलोत, लक्ष्मी उद्योग के श्री राजेन्द्रसिंह परिहार, रामजीवण जाखड़, जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रेमचंद सांखला, पार्षद श्री मयंक देवड़ा, सुमेर शिक्षण संस्थान के पदाधिकारी श्री अरविंद परिहार, एडवोकेट अनिल शर्मा, उद्योगपति श्री

प्रेमसिंह भाटी, पुलिस अधिकारी श्री नरपत सिंह, पूर्व पार्षद श्री योगेश गहलोत, जोधपुर भवन धर्मशाला के पदाधिकारीगण श्री किशोर सिंह सांखला, श्री सुरेन्द्र सांखला, श्री प्रदीप परिहार, बिल्डर श्री नरपतसिंह सांखला, समाजसेवी श्रीजसवंत सिंह कच्छवाहा, श्री चंद्रप्रकाश देवड़ा, समाजसेविका एनआरआई श्रीमती वीणा भाटी, श्री हरीश भाटी, मयंक कच्छवाहा, अनकों सरकारी अधिकारी, समाजसेवी, अन्य संस्थाओं के अधिकारी, संत मुनीयों के साथ ही विदेश से भी श्री परिहार के अनेकों प्रशंसकों ने यहां पहुंच कर श्री भगवानसिंह परिहार को हार्दिक बधाई प्रेषित की। महात्मा गांधी ब्लड बैंक की ओर से डॉ. महेन्द्र सिंह सांखला के नेतृत्व में आई टीम ने रक्तदाताओं के द्वारा किये गये कार्यो के लिए आभार प्रकट किया। इसके अलावा पारस ब्लड बैंक की और से भी रक्त संग्रहण किया गया और रक्तदाताओं को उपहार प्रदान किये गये।

पूर्व जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सोलंकी ने श्री भगवानसिंह परिहार को जन्मदिवस की बधाई दी तथा रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन भी किया। सभी आगंतुकों से श्री भगवान सिंह परिहार अपने उम्र के इस पड़ाव में भी उत्सुकता से मिले तथा साथ ही पूरे कार्यक्रम के समापन तक उपस्थित रह युवाओं का उत्साह वर्धन किया। उम्र के इस पड़ाव में भी श्री भगवान सिंह परिहार के इस जीवटता की सभी ने प्रंशसा की।

इस अवसर पर समस्त रक्तदाताओं को माली सैनी संदेश की और से स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में निकटवर्ती बालरंवा, बिंजवाडिया , मथानिया , चौपासनी चारणान ,कोटड़ा सहित कई गांवों से कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। माली सैनी संदेश परिवार सभी रक्तदाताओं का आभार प्रकट करता है तथा आशा करता है पूर्व की भांति आने वाले वर्षो में भी मानवता के मसीहा श्री भगवान सिंह परिहार के जन्मदिवस पर हमें उनके सम्मान में यह पुनीत कार्य करने का सुअवसर प्रदान होता रहेगा।














## माली समाज की 1143 प्रतिभाओं का सम्मान

# पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा, पढ़ाई में कोई कमी न रखें






जोधपुर। माली संस्थान की ओर से शुक्रवार को प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महामंदिर रामबाग गुरूकुल में आयोजित कार्यक्रम में कुल 1143 छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि तकनीकि के इस युग में कड़ी मेहनत करनी होगी तथी सफलता हाथ लगेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए प्रयास किया उसके परिणाम स्वरूप समाज के दलित व पिछड़े वेगो को शिक्षा ग्रहण करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके संस्थान के अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा ने बताया कि संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान आयोजित करने से विद्याथियों में अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की प्रतिस्पर्धा बढ़ी है। इसकी संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है यही अच्छा पहलू है। समारोह में पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, जोधपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत, महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच के अध्यक्ष मोतीलाल सांखला, बीएसएनएल के वरिष्ठ महाप्रबंधक आर. के. चौहान सहित समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे। माली संस्थान के अध्यय देवीचंद देवड़ा ने अतिथि का स्वागत किया। समारोह व संचालन मंत्री श्री योगेश गहलोत ने किया। आभार मंत्री श्री हनुमान सिंह गहलोत ने किया।

**गैस आधारित शवदाह गृह का लोकार्पण**

समारोह से पूर्व गहलोत ने माली संस्थान द्वारा नवनिर्मित आधारित शवदाह गृह का लोकार्पण किया। यह राज्य का चौथा शहर का दूसरा शवदाह गृह इस कारण न केवल पर्यावरण की सुरक्ष होगी बल्कि होने वाला प्रदूषण को रोका जाएगा। समारोह में मारवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों हजारों लोगों ने भागीदारी निभाई।

इससे पूर्व संस्थान की आम सभा में 1 करोड़ 19लाख का बजट सर्व सम्मति से पारित किया गया। इसके साथ ही संस्थान के आजीवन सदस्यता शुल्क जो कि पूर्व में 1000 रूपये था उसे 2100 रूपये किया गया। जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया। संस्थान की आम सभा में हमेशा की तरह आजीवन सदस्यों की संख्या कम तथा विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा थी। संस्थान को पूर्व में पत्र के माध्यम से हमारी ओर से भी एक पत्र भिजवाया गया लेकिन संस्थान के पदाधिकारियों ने इस बाबत कोई जानकारी प्रदान नही की।





वर्ष 2011 में माली संस्थान की आम सभा में समाज के विकास पुरूष श्री मानसिंह देवड़ा की स्मृति में पुस्तकालय के निर्माण का प्रस्ताव मेरे (मनीष गहलोत) द्वारा रखा गया जिसको सर्व सम्मति से पारित किया गया था। लेकिन आज 3 वर्ष बाद भी इस संदर्भ में किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई न ही मेरे द्वारा भेजे गये प्रस्तावों को आम सभा में रखा गया। संस्थान की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हमने इस संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत आमसभा में नहीं की लेकिन हमारे प्रस्तावों को नहीं रखने का कारण संस्थान के किसी पदाधिकारी ने बताने का कष्ट भी नहीं किया। हमें आशा है संस्थान अध्यक्ष इस और प्रयास करेगें व भविष्य में इसकी पुनरावृति नहीं होगी इसकी हमें आशा है।

# आपसी भाईचारे व सहयोग से ही आगे बढ़ता है समाज : सांसद

## जूनावास में 101 युवाओं ने किया रक्तदान

बालेसर। जूनावास कस्बे में रविवार को संत शिरोमणि लिखमीदासजी महाराज सेवा समिति एवं भारत सेवा संस्थान जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया एंव 101 यूनिट रक्तदान किया। सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक आयोजित इस शिविर में एमडीएम अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने खून की जांच की और रक्तदान में सहयोग किया। कार्यक्रम के अतिथियों में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य उम्मेदसिंह राठौड़, जिला परिषद सदस्य जबरसिंह रायसर, पूर्व सरपंच बाबूराम माली, जैनराज सांखला, गिरधारीराम सोलंकी शामिल थे। इस मौके रामद्वारा बालेसर के महंत रामरतनजी महाराज, भारत सेवा संस्थान के सचिव नरपतसिंह कच्छावाह, बालेसर सरपंच रेवतंराम सांखला, बालाराम सांखला, शिवलाल सांखला, गंगाराम सांखला, माणकराम खियोणी, बबलू सांखला, राजकीय महाविद्यायल बालेसर के छात्रसंघ अध्यक्ष मुको सांखला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# मां आशुपरा नाडोल व सोनाणा खेतलाजी पावन पद यात्रा संघ रवाना




बालोतरा। श्री सोनाणा खेतलाजी नवयुवक मण्डल बालोतरा के तत्वावधान में बालोतरा के मां आशापुरा नाडोल एवं श्री सोनाणा खेतलाजी सारंगवास पावन पद यात्रा संघ शनिवार को प्रात: माली समाज भवन गांधीपुरा से धूमधाम एवं गाजे बाजे के साथ नगर निगम परिषद सभापति महेश बी चौहान व खेतालाजी के परमभक्त शिवलाल प्रजापत पालीवाल ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मण्डल के दिलीप चौहान ने बताया कि पावन पद यात्रा बालोतरा से रवाना होकर सिवाना, मोकलसर, रायथल, नौसरा,संखवाली, पावा, कोसेलाव, खांगड़ी, राणी वरसाणा, विगंराला होते हुए 30 अक्टूबर को मां आशापुरा मन्दिर नाडोल पहुंचकर माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। उन्होंने बताया कि 30 अक्टूबर रात्रि में मां आशापुरा मन्दिर नाडोल में भव्य रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जिसमेजसोल भजन गायक ओमप्रकाश प्रजापत एण्ड पार्टी द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुत दी जायेगी। पद यात्रा संघ 31 अक्टूबर को प्रात: मां आशापुरा मन्दिर नाडोल से रवाना होकर सांय श्री सोनाणा खेतलाजी सारंगवास पहुंचा। चौहान ने बताया कि 31 अक्टूबर को श्री सोनाणा खेतलाजी मन्दिर पर भी भजन संध्या का आयोजन हुआ। जिसमें ओमप्रकाश प्रजापत एण्ड पार्टी जसोल एवं रामेश्वर माली एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर चम्पालाल सुन्देशा, ओमप्रकाश प्रजापत, नवयुवक मण्डल के वासुदेव चौहान, पारस सुथार, दिलीप के. पंवार , रामेश्वर माली, श्रवण डी जे गहलोत, सुरेश पंवार, महेन्द्र पंवार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।


प्रमोद गहलोत
शेरसिंह गहलोत

(M) 9414766560
876999111

गहलोत एजेन्सीज




हमारे यहां पर सभी प्रकार के गैस के चुल्हे, भट्ठियां, पेट्रोमेक्स, लेम्प व स्टोव लाईटर, गैस गीजर, चिमनी, कुकर, मिक्सी, इलेक्ट्रीक एवं किचन संबधित आईटम व इनके पार्ट्स होलसेल रेट में बेचे व रिपेयर किये जाते है।




दुकान नं. 35- 36 ई, काम्पलेक्स, चाँदसा तकिया मार्केट, सोजती गेट, जोधपुर

INALSA Home Appliances BAJAJ Electric Surya flame Sunflame PKL LIMITED

अशोक गहलोत ने दिया मंत्र- राजनीति के लिए 36 कौम की सेवा जरूरी

# महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिभा के अनावरण समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा ,-समाज के सुधार के लिए आगे चाहिए सभी को बेटियों को पढ़ाने पर जोर भी दिया।





सीकर। पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा है राजनीति में आगे बढ़ना है, तो 36 कौम की सेवा करनी पड़ेगी। आमजन के सुख-दुख में भागीदार होना पड़ेगा। यह लोकतंत्र का कमाल है कि प्रधानमंत्री हो या मुख्यमंत्री, उसे भी गरीब व्यक्ति के पैर छूने पड़ते हैं। लोगों को समाज सुधार के लिए आगे बढ़ना चाहिए। गहलोत गुरूवार को महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई फुले की प्रतिमा अनावरण समारोह में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अपनी सरकार की योजनाओं को लेकर वर्तमान सरकार पर निशाना साधा और कहा कि अब तो लोगों को संदेश दे दिया है तो हमारी योजनाएं लागू करें।

श्री गहलोत ने सबसे पहले प्रतिमाओं को अनावरण किया। इसके बाद समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने उस वक्त महिला शिक्षा पर जोर दिया, जब इसे समाज में पाप माना जाता थ। इसे लेकर उनका विरोध भी हुआ, लेकिन उन्होंने अपनी से ही इसकी शुरूआत की। आज शेखावाटी बालिका शिक्षा के मामले में प्रदेश में सिरमौर बन गया है। हमें इसे और बढ़ावा देना चाहिए। शिक्षा की कमी की वजह से लिंगानुपात बिगड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि शेखावाटी की श्रीमती कमला बेनीवाल और श्रीमती सुमित्रा सिंह ने उच्च शिक्षा ग्रहण कर प्रदेश की राजनीति में योगदान दिया। यहां के हर घर में वीर योद्धा पैदा होते हैं। देश के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी है। ऐसे में यह भी खुशी की बात है कि यहां जगह-जगह शहीदों की मूर्तियां लग रही हैं। बुजुर्गो को पेंशन देने की योजना सरकार को आगे बढ़ानी चाहिए। मैं आज भी उस योजना को लेकर भावुक हूं। कार्यक्रम को सभापति श्रीमतदी राजेश्वरी सैनी, श्री राधाकिशन चौपदार, श्री प्रेमप्रकाश सैनी, यूपी विधान परिषद के सदस्य श्री परमेश्वर सिंगोदिया व गुरूप्रज्ञा ग्रुप के श्री सुभाष सैनी भी संबोधित किया। इस अवसर पर सीकर के साथ ही आस पास के क्षेत्रों के समाज के हजारों लोगों ने समारोह में भाग लिया।






# बालिका शिक्षा से ही समाज का विकास : श्री राजेन्द्र गहलोत



मथानिया। पूर्व मंत्री श्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि बालिका शिक्षा से ही समाज का विकास होता है। हमें बच्चों को अच्छी व संस्कारवान शिक्षा दिलानी चाहिए ताकि अच्छे नागरिक का निर्माण हो सके। पूर्व मंत्री श्री गहलोत क्षेत्र के बींजवाडिया गांव में माली छात्र संघ के मथानिया के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक सम्मेलन व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा बिना जीवन अधूरा है। अच्छे समाज की पहचान अच्छी शिक्षा मानी गई हैं । उन्होंने समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों, नशें व व्यसन प्रवृत्ति का विरोध जताते हुए नशा मुक्त समाज की अपील की। समारोह की अध्यक्षता करते हुए छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष व मंडल चिकित्सा अधिकारी रेल्वे विभाग डॉ. बीआर परिहार ने बताया कि समाज के उत्थान व विकास के बार में विचार रखे। समारोह में जेडीए के पूर्व चेयरमैन श्री राजेंद्र सोलंकी ने कहा कि समाज के विकास में युवाओं की मुख्य भागीदारी होती है। युवा वर्ग अच्छी शिक्षा के साथ समाज हित के काम करें ताकि समाज का उत्थान हो सकें। राजसिको के पूर्व चेयरमैन श्री सुनील परिहार ने कहा कि प्रतियोगिता के इस युग में हमें हर क्षेत्र में डटकर मुकाबला करना होगा ताकि शिक्षा, उन्नत कृषि, विभिन्न व्यावसाय इत्यादि में समाज की पहचान हो सके। परिहार ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए आर्थिक व सामाजिक मदद का आह्वान किया। वहीं खेती के आधुनिक तरीके अपनाकर खेती को औद्योगिक दर्जे का रूप देने की बात कही। सामारोह में भाजपा शहर पूर्व जिला अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह कच्छवाहा, ओसियां सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री प्रेमसिंह परिहार, एडवोकेट श्री बंशीलाल कच्छवाह, बालरवा सरपंच श्री बाबूलाल परिहार सहित कई लोगों ने समाज सुधार पर अपने विचार रखे। समारोह में चौपासनी सरपंच श्री लिखमाराम सांखला, माली छात्र संघ के संस्थापक श्री प्रेमसुख कच्छवाह, पंचायत समिति सदस्य श्री खुशालाराम, पूर्व सरपंच श्री जयनारायण गहलोत, मथानिया सरपंचपति श्री केवलचंद गहलोत, बींजवाडिया सरपंच श्रीमती रामप्यारी सांखला, श्री सोमराज सांखला, श्री लक्ष्मण सिंह सांखला समेत माली छात्र संघ 15 खेड़ा के जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

प्रतिभाओं का सम्मान

सम्मान समारोह में माली समाज के शिक्षा, नौकरी, पेशा, खेलकूद, बैंकिंग, स्वास्थ्य इत्यादि क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करने वाले छात्र-छात्रों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**सामाजिक जागरूकता की पुस्तव का विमोचन**

कार्यक्रम के दौरान छात्र संघ के सदस्य सांवर परिहार द्वारा प्रकाशित नवजागरण 2014 का उपस्थित अतिथियों ने विमोच किया। इस पत्रिका में सामाजिक जागरूकता के लिए रक्तदान, देहदान, नेत्रदान व बालिका शिक्षा पर विस्तार से विवरण दिया गया है। इस पत्रिका के प्रकाशन में श्री रामकिशोर परिहार चौपासनी, माली छात्र संघ के अध्यक्ष श्री अजीत कच्छवाह, श्री केवलराम परिहार, श्री अशोक टाक, श्री रामेश्वर सैनी, श्री रेखाराम सहित कई युवाओं का योगदान रहा।



# समाज की शिक्षिका डॉ. मंजूलता सैनी को पीएचडी

सीकर। श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में हिन्दी विभाग की व्याख्यता डॉ. मंजूलता सैनी के लिए डॉ.मन्जुलता सैनी ने डॉ अनुपमा सक्सेना के निर्देशन में शेखावटी के भक्ति साहित्य में माधुर्य भाव एवं आात संतो के विशेष संदभ्र में विषय पर राजस्थान विश्वविद्यालय से पी.एच.डी. की उपाधि प्राप्त करने पर महाविद्यालय प्रंबध समिति के उपाध्यक्ष श्री सीताराम जियाणी, निदेशक डॉ. गोरधन सिंह, प्राचाग्र डॉ. संपत शर्मा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर श्री कृष्ण सत्संग बालिका महाविद्यालय में डॉ. मंजूलता सैनी के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय परिवार की और से डॉ.



मंजूलता को सम्मानित किया गया। माली सैनी संदेश परिवार डॉ. मंजूलता को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# भागवत कथा का आयोजन

कई भक्तगण अपने स्तर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करवाना चाहते हैं। परन्तु भागवत कथा आयोजन में लाखों रूपयों के खर्चे की सम्भावना से ऐसे भक्तगण यह आयोजन नहीं कर पाते है। माली समाज की समाजसेवी श्रीमति सुषमा परिहार पत्नी डा. चिमनसिंह परिहार निवासी महामन्दिर बागर जोधपुर ने ऐसे भक्तों की सामर्थ्य के अनुसार भागवत कथा करने की शुरूवात भागवत कथा वाचन से की है। श्रीमति सुषमा परिहार भागवत कथा का वाचन मधुर वाणी में अपनी सहयोगी भजन गायक महिला भक्तों के साथ मिलकर इच्छुक भक्तों के लिए कम खर्चे में स्पादित करती हैं जो खर्चा उनके आर्थिक सामर्थ्य सीमा में ही होता है।

कम खर्च में भागवत कथा अयोजन का ज्वलंत उदाहरण श्री अमरनाथ महादेव मन्दिर अशोक नगर महामन्दिर में भागवत कथा का आयोजन है जो दिनांक 17.9.2014 से 23.9.2014 तक था। अमरनाथ महादेव मन्दिर में इस 07 दिवसीय कथा में सैंकड़ों भक्तों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस आयोजन की खबर राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर और दैनिक नवज्योति अखबारों में भी प्रकाशित हुई थी। माली समाज के लिए गौरव की बात है कि श्रीमति सुषमा परिहार कथा वाचक तथा उनके सहयोगी भजन गायकों द्वारा भागवत कथा आयोजन करने की ईच्छा रखने वाले भक्तो की आशाएँ पूरी हो रही है। माली सैनी सन्देश कथा वाचक श्रीमति सुषमा परिहार और सहयोगी महिलाओं द्वारा उक्त प्रकार के भागवत कथा आयोजन के लिए उनको बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देती है।



कथा वाचक
सुषमा परिहार

## माली समाज का प्रतिभा सम्मान 2 को

भीनमाल। संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान (भीरू ग्रुप) के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय क्षेमंकरी माता की तलहटी स्थित माली समाज धर्मशाला में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान एवं कर्मचारी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। समारोह महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीबा फूले के सानिध्य में होगा। जिसमें 355 प्रतिभावान छात्र छात्राओं व 400 अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति डॉ. कर्नल अजय गहलोत एवं न्यायाधीश भलाराम परमार होंगे। जबकि अध्यक्षता भीरू ग्रुप के संरक्षक छगनलाल सांखला करेंगे। विशिष्ट अतिथि ऑल इण्डिया माली सैनी समाज की अध्यक्षता अलका सैनी, सांचोर के उप जिला कलेक्टर आलोक कुमार सैनी, भीनमाल तहसीलदार, विशनाराम देवड़ा, डॉ. मनीषा मंडादे, नगर परिषद आयुक्त शंकरलाल गहलोत, जसवंतपुरा रेंजर रणवीरसिंह टोक आदि शिरकत करेंगे।

अखिल भारतीय माली समाज संस्थान ट्रस्ट जोधपुर भवन की साधारण सभा आयोजित

# विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी : श्री राजेन्द्र गहलोत

जोधपुर। अखिल भारतीय माली समाज संस्थान ट्रस्ट जोधपुर धर्मशाला हरिद्वार की साधारण सभा की बैठक रविवार को महामन्दिर स्थित भाटी मेमोरियल हॉल में आयोजित की गई। जिसमें कार्यकारिणी का कार्यकाल पांच वर्ष करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस मौके वक्ताओं ने समाज की सभी संस्थाओं को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।



मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि समाज के विकास के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। समाज के कार्य को राजनीति से दूर रह कर करना चाहिए। संस्थान को कार्य योजना बनाने व मूर्त रूप देने में समय लगता है। तब तक चुनाव आ जाते हैं ऐसे में कार्यकारिणी सही तरीके से कार्य नहीं कर पाती। साथ ही समाज को आर्थिक क्षति होती है। माली संस्थान के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा ने कहा कि सभी को संगठित होकर योगदान देना चाहिए। जिससे समाज का विकास हो। समाज की सभी संस्थाओं की सामूहिक बैठक आयोजित कर सामाजिक सरोकर के लिए कार्य योजना बनाई जाए तथा मूर्त रूप देने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। सभा में मंत्री श्री किशोर सिंह सांखला ने धर्मशला के कार्य की प्रगति रिपोर्ट व वर्ष 2014-15 के बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किए। अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके भामाशाहों का माल्यार्पण, साफा पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया। सभा में संस्थान के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन की आम सभा 5 नवम्बर को पुष्कर में

पुष्कर। अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन पुष्कर की मीटिंग दिनांक 24 अगस्त 2014 रविवार अध्यक्ष श्री ओकार राम कच्छावा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। समिति के प्रवक्ता ताराचन्द गहलोत ने बताया की अध्यक्ष श्री ओकरराम कच्छावा ने सन् 2013 एवं सन् 2014 का 19 माह का बजट पेश किया। जिसमें 42 लाख की आय मन्दिर से चन्दे से एवं सदस्य शुल्क से बताया गया एवं 14 कमरों का निर्माण कार्य शिघ्र तैयार कराकर उद्घाटन कराया जायेगा। और सब सदस्यों और कार्यकारणी ने श्री ओंकारराम कच्छावा ने सेवा सदन की और जर्मान के बारे में सम्पूर्ण जानकारी कार्यकारणी के समक्ष बताई गई। जिसमें जमीन आवंटन के बारे में समिती का शिष्टमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी से मिलेगा। इसके पूर्व कार्यकारणी के सदस्यों ने अपना अपना परिचय दिया। और सभी ने अध्यक्ष को तन, मन, धन से सेवा करने का आस्वासन दिया। और कार्तिक मेले में चलने वाले भण्डारें के बारे में चर्चा की गई। इस अवसर पर मेड़ता के नव निर्वाचित माली समाज के अध्यक्ष. श्री गोर्धन जी टाक ने मेड़ता माली समाज की और से सम्पूर्ण शक्कर भण्डोर में कार्य आने वाली अपनी और से देगें।

जैतारण के श्री रामप्रसाद जी गहलोत ने देशी घी अपनी और से देने की घोषणा की। भण्डोर में आटा श्री मिश्रीलाल माली किशनगढ़ वालों ने देने की घोषणा की। तैल पूर्व चैयरमेन राधाकिशन जी डोडवाना देने की घोषणा की। और कम्प्यूटर तथा प्रिन्टर श्री बाबूलालजी दग्दी के अपनी और से देने की घोषणा की। तथा पानी की टंकी के लिये 1 लाख रूपये की घोषणा श्री धन्नाराम गहलोत व श्री लुणाराम गहलोत सालावास ने की ।

इस से पूर्व नगर पालिका के नव-निर्माण के उपाध्यक्ष श्री पुष्कर नारायण भाटी का माला पहनाकर कर स्वागत किया गया। और राजकीय महाविद्यालय पुष्कर के नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री शेषकरण दग्दी का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। माली समाज के नव-निर्वाचित अध्यक्ष श्री गोर्धन जी टांक का भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नागौर से श्री आईदानजी भाटी, डिडवान से पूर्व चेयरमेन श्री रामाकिशन जी, श्री माणक भाटी, श्री बाबूलाल दग्दी पुष्कर से श्री सत्यनारायण भाटी, श्री भागचन्द सांखला, भागचंद पंवार एडवोकेट, श्री धर्मेन्द टांक, जैतारण से श्री रामप्रसाद गहलोत, श्री रामचन्द्र देवड़ा जोधपुर, श्री पबूरामजी मेड़ता, भोपालगढ़ से श्री हुक्माराम देवड़ा, श्री रूपचन्द्र मरोठीया,3पुष्कर कोठी से श्री पुखराज दग्दी इत्यादि ने मींटिग में अपने अपने विचार रखे। मंच संचालन प्रवक्ता ताराचन्द गहलोत पुष्कर ने



## संगोष्ठी में एकजुटता और बच्चों की शिक्षा पर दिया जोर

# संगोष्ठी माली-सैनी समाज की राष्ट्रीय संगौष्ठी आयोजित हुई, बैठक में मुख्य फोकस शिक्षा और बच्चे रहे

राघौगढ़। माली-सैनी समाज की राष्ट्रीय बैठक, और संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें एकजुटता, बच्चों के उच्च शिक्षित बनाने और बुराइयों को त्यागने पर जोर दिया गया। रविवार के प्रज्ञा हायर सेकंडरी स्कूल में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन कुमार सैनी ने कहा कि मौजूदा परिवेश में शिक्षा और स्वास्थ्य का सबसे बड़ा महत्त्व है। अपनी सुख सुविधाओं में कमी करें, लेकिन बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने मं पीछे नहीं रहे, भले ही आपको कितनी मेहनत करनी पड़े, बच्चों को शिक्षा दिलाकर व्यवस्थित कराने का संकल्प ले। इसके साथ ही अच्छे संस्कार परिवार, समाज, देश सेवा की भावना भी बच्चों में प्रेरित करें। विंध्याचल प्रांत अध्यक्ष कैलाश समन सहित कई राज्यों और जिलों से आए समाज के वरिष्ठ नागरिक व पदाधिकारियों ने संबोधित किया । इसके पहले पूरे कस्बे में एकचल समारोह भी निकाला गया। गोष्ठी के दौरान समाज में नशा छुड़वाने, बच्चों को उच्च शिक्षित बनाने और एक-दूसरे को विपत्ति कके समय में साथ देने का संकल्प भी दिलाया गया।

इस दौरान समाज की एकता पर भी जोर दिया गया। संगोष्ठी में विधायक महेन्द्र हार्डिया, डॉ. पीएन अंबाडकर भोपाल र ऑल इंडिया महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका सैनी, महासचिव रामनारायण चौहान, समाज के राष्ट्रीय महासचिव राजकुमार सैनी, इन्दौर अध्यक्ष रामचन्द्र सैनी, समाज भोपाल के महासचिव डा. प्रेमलता सैनी, कन्हैयालाल मौर्य रतलाम, सत्यनारायण इन्दौर, उज्जैन ननि अध्यक्ष सोनू गहलोत सहित सैकड़ों की तादाद में समाज के लोगों ने भाग लिया।

# अध्यक्ष एवं 10 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

राघौगढ़ संगोष्ठी में इंदौर के माली सैनी समाज संगठन के रामचंद्र सैनी सहित अन्य पदाधिकारियों ने विध्याचंल प्रांत के अध्यक्ष कैलाश सुमन का साफा बांधकर सम्मानित किया। समाज के 10 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह और प्रशासित पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व राज्यमंत्री तथा इंदौर के विधायक महेन्द्र हर्डिया, डा. पीएन अंबाडकर, ऑल इंडिया महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा अलका सैनी, महासचिव रामनारायण चौहान, महासचिव राजकुमार सैनी, रामचंद्र सैनी, डा. प्रेमलता सैनी, कन्हैयालाल मोर्य, सत्यनारायण इंदौर, नगर निगम उज्जेन के अध्यक्ष सोनू गहलोत आदि प्रतिनिधियों ने संगोष्ठी को सम्बोधित कर समाजिक एकता पर जोर दिया।



### युवक से मारपीट के विरोध में कवास बंद

# कार्रवाई नहीं होने से माली समाज के लोगों में आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, दोषियों की गिरफ्तारी की मांग







कवास। क्षेत्र के नागाणा थानांतर्गत कवास कस्बे के चौराहे पर शुक्रवार शाम को कुछ लोगों की गैंग ने एक सब्जी व्यापारी के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के बाद उपजे विवाद से कवास कस्बा बंद रहा, वहीं घटना को लेकर आक्रोश फूट गया। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से गुस्साए लोगों ने एसपी सहित जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। नागाणा पुलिस के अनुसार वगताराम पुत्र तगाराम माली ने मामला दर्ज करवाया कि उसका पुत्र मुकेश दुकान पर बैठा था। इस दौरान बिना नंबर की स्कोर्पियों गाड़ी से आए गणेश कुमार पुत्र आन्नाराम जाट, हुकमाराम उर्फ केशाराम पुत्र पुरखाराम जाट, रामचंद्र पुत्र गंगाराम जाट निवासी माडपुरा बरवाला, मूलाराम पुत्र जेठाराम जाट, हरचंदराम पुत्र आदूराम, मुन्ना पुत्र खताराम जाट निवासी बलदेव नगर बाड़मेर व तीन-चार अन्य लोगों ने हमला कर दिया। जब इन लोगों ने सेव मांगी तो व्यापारी ने सेव दे दी, लेकिन जब सेव के पैसे मांगे गए तो गाली-गलौच कर हमला कर दिया। थप्पड़-मुक्कों व लाठियों से किए हमले से मुकेश को गंभीर चोटे आई इस पर बाड़मेर के राजकीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं गैंग में शामिल लोग 25 हजार रूपए, सोने की चैन, दो अंगूठियां भी लेकर भाग गए।

**समय पर नहीं पहुंची पुलिस :**

शुक्रवार को हुई इस घटना की सूचना दिए जाने के बाद भी पुलिस समय पर नहीं पहुंची। जब पुलिस पहुंची भी तो आरोपियों को नहीं पकड़ा। इससे लोगों ने पुलिस के खिलाफ रोष जताया। मामले को तूल पकड़ते देख बाड़मेर से अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया। इससे कवास कस्बा पुलिस छावनी बन गया। बाड़मेर सदर थानाधिकारी आनंद सिंह, बायतु थानाधिकारी मनोज मूढ़, नागाणा थानाधिकारी आनंद कुमार ने लोगों से समझाइश की। कवास में व्यापारी से हुई मारपीट की घटना से पूर्व इस गैंग ने केयर्न एनर्जी के तीन इंजीनियर के साथ भी मारपीट की थी। इसका मामला भी नागाणा थाने में दर्ज है।

**मार्केट बंद रहा, धरना दिया**

घटना के 24 घंटे बाद भी आरोपियों की गिरफ्तार नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर चौराहे पर धरना दे दिया। डीएसपी ओमप्रकाश गौतम ने मौके पर पहुंच माली समाज के लोगों से समझाइश की और दुकानें खुलवाई। वहीं शनिवार शाम को लोगों ने कलेक्टर भानु प्रकाश एटरू, एएसपी रघुनाथ गर्ग को भी ज्ञापन सौंपा और आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की और घटना की जांच जिला पुलिस उप अधीक्षक से कराने की मांग की।

**सरगना गैंग है**

मारपीट की घटना में शामिल सभी आरोपियों की पॉइजन के नाम से एक सरगना गैंग है, जो इस तरह की वारदात को अंजाम देने का काम कर रही है। गैंग के मुखिया गणेशकुमार समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ 36 आपराधिक मामले दर्ज है। इनमें गणेशकुमार पर 12, हुकमाराम पर 6, रामचंद्र पर 2, मूलाराम पर 5, हरचंद्र और मुन्ना पर 1-1 मामला दर्ज है। आरोपियों की तलाशा की जा रही है।

# रक्तदान शिविर का आयोजन 154 जनो ने किया रक्तदान





जोधपुर। किसी ने गणपति को मोदक का भोग लगाकर अर्चना की तो किसी ने उन्हें पंचामृत से नहलाया। वही दूसरी ओर राजस्थान पत्रिका, द रॉयल हॉक्स यूनाइटेड क्लब बालरवा के तत्वधन में शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर रातानाडा गणेश मंदिर के नीचे प्रांगण में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में 154 लोगों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया।

हॉक्स यूनाइटेड क्लब सचिव हितेश परिहार और युवा क्लब बालरवा अध्यक्ष सांवर परिहार ने बताया कि सुबह 8 बजे शुरू हुए शिविर में रातानाडा गणेश मंदिर में दर्शन कर कई श्रद्धालओं ने रक्तदान किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिविर में पहुंच सभी रक्तदाताओं की प्रशांसा की। महापौर रामेश्वर दाधीच, जिला प्रमुख दुर्गादेवी बलाई, पूर्व जिला प्रमुख मुन्नीदेवी गोदारा, पूर्व महापौर ओमकुमारी गहलोत, पूर्व महापौर ओमकुमीर गहलोत, पूर्व जेडीए अध्यक्ष राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व पाली सांसद बद्रीराम जाखड़, पूर्व राजसिको अध्यक्ष सुनील परिहार व छात्रसंघ के पूर्व महासचिव मोहित सांखला, राजकीय महाविद्यालय बालेसर के अध्यक्ष मुकेश सांखला साहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी भागीदारी निभाई।

शिविर में यूनाइटेड क्लब अध्यक्ष हिमांशु गहलोत, विवेक परिहार, राधवेन्द्र सांखला, संदीप, सुमित शर्मा, देवेन्द्र, छंवरसिंह परिहार, अशोक परिहार, अनिल परिहार, श्रवण सांखला, गणेश गहलोत, रेखाराम परिहार, युधिष्ठिर परिहार, खिंवराज परिहार, इन्दरसिंह गहलोत सहित कई युवाओं ने अपना योगदान दिया। क्लब ने अंत मं मंदिर समिति के माहिपालसिंह परिहार और समस्त पुजारिगों का आभार जताया।

# नवयुवक मण्डल के 201 युवाओं ने किया रक्तदान



मथानियां। नवयुवक मण्डल एवं भारत सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान मेंआयोजित रक्तदान शिविर में 201 युवाओं ने रक्तदान किया। मण्डल के अध्यक्ष श्री महेन्द्र परिहार ने बताया कि माहेश्वरी भवन प्रांगण में रक्तदान शिविर का उद्घाटन रामस्नेही संत श्री रामप्रसाद जी महाराज व संत शंकराचार्य ने किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक भैराराम सियोल एवं विशिष्ट अतिथि मथानियां के सरपंच पति श्री केवलचंद गहलोत एवं भारत सेवा संस्थान के श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया यगा। शिविर में ओमप्रकाश बूब, ओमप्रकाश सोलंकी, प्रेमाराम परिहार, सुरेश गहलोत, अनोपाराम गहलोत, सहित सैकड़ों युवाओं ने शिरकत की। भारत सेवा संस्थान के प्रभारी श्री नरपतसिंह कच्छवाहा ने सभी का आभार प्रकट कियां





## विविध समाचार

# विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया




जोधपुर। विश्व हाथ धुलाई दिवस (ग्लोबल हैण्ड वाशिंग डे 15 अक्टूबर) के तहत पूरे विश्व भर के करोड़ों स्कूली विद्यार्थियों को साबून से हाथ धोने के लिए प्रेरित करने हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय अभिसयान है इस दिन स्कूली बच्चों को साबून से सही तरीके से हाथ धोने की प्रेक्टिल ट्रेनिंग भी दी जाती है। किन्तु पूरे राजस्थान में इस वर्ष करोड़ों बच्चों से जुड़ा यह अन्र्तराष्ट्रीय महाअभियान 15 व 16 अक्टूबर को शैक्षिक सम्मेलन आयोजित होने से पूरे राजस्थान में सरकारी स्तर पर नहीं मनाया जा सकेगा।

अत: सरकारी स्तर पर पूरे राजस्थान में किसी भी सरकारी स्कूल में यह महाअभियान कार्यक्रम नहीं मनाया जाने के कारण इन स्कूली बच्चों की कोमल भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए ग्लोबल हैंड वाशिंग डे 15 अक्टूबर के उपलक्ष में एक दिन पूर्व दिनांक 14 अक्टूबर 2014 को प्रात: 10.15 बजे इस भव्य कार्यक्रम का आगाज मगरा पूंजला, पहाड़िया बैरा स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले राजकीय बालिका प्राथमिक विद्यालय में किया जायेगा, ताकि दीपावली अवकाश से पूर्व इन बच्चों को सुरक्षित एवं सही तरीके से हाथ धोने सम्बंधी आवश्यक जानकारी प्राप्त हो सके।





# ऑल इण्ड़िया माली सैनी सेवा समाज की मीटींग खण्ड़वा में आयोजित हुई

सैनी समाज खण्ड़वा द्वारा अन्नकूट महोत्सव व दीपावली मिलन समारोह का आयोजन रखा गया था। जिसमें सुबह रगोंली का आयोजन हुआ उसके बाद दौड व खेल कूद और भजन किर्तन भी हुए उसके पक्श्वात सभी आयोजनो में जो भी प्रथम व द्वितीय आये थे। उन सभी को व जो भी परीक्षा में प्रथम आये उन सभी को मुख्य अथितियो द्वारा सम्मानित किये गये। इसके साथ ही समाज की गोस्टी भी हुई थी।

जिसके मुख्य अथिति के रूप में ऑल इण्डिया माली सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय सचिव बन्क्षीलाल माली भीलवाडा थे ओर अध्यक्षता प्रदेक्ष अध्यक्ष मोहन लाल पटेल जावरा ने की विक्षिष्ट अथिति के रूप में संभाग अध्यक्ष कैलाक्ष सुमन राघोगढ़ ,गुना वाले थे व उज्जैन से यादव प्रक्षाद जी सैनी भी उपस्थित थे। आयोजक के रूप में खण्डवा माली समाज अध्यक्ष क्षोभाराम जी सैनी थे और खण्डवा माली समाज के मंगेक्ष जी सैनी व उनके सभी साथियो ने आयोजन को सफल बनाने में अच्छी व्यवस्था की। यह जानकारी सचिव बन्क्षीलाल माली ने दी।

# सावित्री बाई हर्बल पार्क में 1100 पेड़ों का वृक्षारोपण



माधव पर्यावरण प्रसार सोसायटी के सुभाष गहलोत ने बताया कि माता का थान स्थित सावित्री बाई हर्बल उद्यान के सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उन्होंने बताया कि हर्बल पार्क में 4 वर्ष पूर्व शुरू किया गया सघन वृक्षारपोण अभियान के तहत पूरे उद्यान में 2000 से अधिक पेड़ों की विशाला श्रृखलावाला उद्यान के रूप में स्थान बन चुका है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जोधपुर जिला कलेक्टर श्री प्रितम बी. यशवंत पूर्व राजस्थान सरकार मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र जोशी, नगर निगम मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री हरिसिंह राठौड़, समाजसेवी श्री राज गहलोत, पूर्व जिला भाजपा श्री नरेन्द्रसिंह कच्छवाहा पर्यावरणविद् श्री प्रसन्नपुरी गोस्वामी, पूर्व पार्षद श्री मनोहरलाल परिहार, पार्षद किशोरसिंह टाक एवं क्षेत्र के समस्त सम्मानीय नागरिक गण सैकड़ों युवाओं की संख्या में वृक्षारोपण किया गया।

# माली सैनी सन्देश के आजीवन सदस्य सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर(पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री श्यामलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा

श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल पुत्र श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर

श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

**क्योंकि**

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

## घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियां आपको विगत 8 वषो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जार रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब-साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई-पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है। हमारी वेब साईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है। एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई- पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के सभी अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

| एक वर्ष रु. 150/- | दो वर्ष रु. 300/- | पांच वर्ष रु. 700/- | आजीवन रु. 3100/- |
|---|---|---|---|

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन./मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि ( रूपये ) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ ( डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें )

*अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।*

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

**माली सैनी संदेश पोस्ट बॉक्स नं. 9, जोधपुर**

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर ( राज. )

Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com
www.malisaini.org E-mail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

### Advertisements

**COLOR (Full Page)**

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

**BLACK**

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464, 92140 75464
log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# माली समाज प्रतिभावान सम्मान समारोह 2014 की झलकियां



श्री अशोक गहलोत माल्यार्पण करते हुए



श्री अशोक गहलोत प्रतिभावान छात्रा को आशिर्वाद देते हुए



मंच पर चर्चा करते मोतीबाबा
श्री अशोक गहलोत एवं श्री देवीचंद देवड़ा



श्री देवीचंद देवड़ा प्रतिभावान विद्यार्थी
को सम्मानित करते हुए



श्री मोतीलाल सांखला को माल्यार्पण करते
श्री चेनाराम गहलोत



मंच पर उपस्थित समाज के गणमान्य समाजबंधु



पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत का स्वागत करते पदाधिकारी





शवदाह मशीन का अवलोकन करते श्री अशो



पूर्व महापौर डॉ. ओमकुमारी छात्र को सम्मानित करते हुए



श्री बाबूलाल पंवार का माल्यार्पण करते हुए पदाधिकारी



समारोह में उपस्थित समाज बंधु

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# केर इन्स्टिटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज

## प्रिमियर मल्टी-सुपर स्पेशयलिटी ग्रीन अस्पताल

## सीम्स अस्पताल



# डॉ. विनित सांखला

MD, DM - Cardiology (CMC Vellore), FESC, FISE
Fellow - Mayo Clinic, Rochester, USA

**इन्टरवेन्शनल कार्डियोलोजीस्ट एवं**
**कार्डियाक इलेक्ट्रोफिजियोलोजीस्ट**

मोबाईल : **+91-99250 15056**
ई-मेल : vineet.sankhla@cimshospital.org,
vineet.cardio@gmail.com
www.cims.me

### इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- इसीजी
- ट्रेडमिल टेस्ट (टीएमटी)
- 2-डी इको और 3-डी इको कलर डॉप्लर के साथ
- एडेनोसाईन और डोब्युटामाइन स्ट्रेस 2-डी इको
- ट्रान्सेसोफेगल इकोकार्डियोग्राफी (TEE)
- होल्टर मोनिटरींग
- 24 घंटे एम्ब्यूलेटरी ब्लड प्रेशर मॉनिटरींग
- इवेन्ट रेकोर्डर और किंग ऑफ हार्ट लूप मॉनिटर
- टिल्ट टेबल टेस्ट/हेड अप टिल्ट टेस्ट
- सिग्नल एवरेजड इसीजी
- नोन7इन्वेसीव इपी स्टडी(एनआइआइपीएस)

### नॉन- इन्वेसीव कार्डियोलॉजी

- एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी और स्टेन्ट्स (सिर्फ आंतरिक, एफडीए प्रमाणित स्टेन्ट्स ही प्रयोग करते है)
- बलून वाल्वयुलोप्लास्टी (सभी वाल्वस)
- बलून एन्जियोप्लास्टी (कोरोनरी, केरोटिड, रिनल, पैर)
- जन्मजात हृदय की बिमारी का इलाज
- हाइपरट्रोफिक कार्डियोमायोपथी (PTSMA)

### इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी प्रक्रियाए (हृदय की अनियमित धड़कन के लिये)

- इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी अभ्यास (इपीएस) कार्डियाक एरेथिमिया के निदान के लिए (परंपरागत और 3 -डी डायमेन्शनल मेपिंग सिस्टम)
- काम्लेक्ष कार्डियाक ऐरेथिमिया का ऐरेथिमिया का रेडियोफ्रिकवन्सी एब्लेशनस (आरएफओ)
- पेसमेकर इम्लान्टेशन
- हार्ट फेल्योर के लिए बायवेन्ट्रीक्यूलर पेसींग (कार्डियाक रिसिन्क्रोनाइझेशन थेरोपी)
- ओटोमेटिक इम्प्लान्टेशन कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर (एआइसीडी) इम्लान्टेशन
- कोम्प्रिहेन्सिव डिवाइस फोलोअप क्लिनिक (पेसमेकर, सीआरटी, एआइसीडी)




CIMS
Care Institute of Medical Sciences
At CIMS... We Care

**सीम्स अस्पताल**
शुकन मॉल के पास, ऑफ सायनस सिटी रोड, सोला
अहमदाबाद - 380060

एपोइन्टमेन्ट के लिये फोन : **+ 91-79-3010 1200, 3010 1008**
(मो) **+91-98250 66661** ईमेल : opd.rec@cimshospital.org
फोन : +91-79-2771 2771-75 (5 नंबर्स)
फेक्स : +91-79-2771 2770
ईमेल : info@cims.me वेब : www.cims.me

**एम्बयुलन्स और आपातकालीन सेवायें : 91-98244 50000, 97234 50000, 90990 11234**

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं संपादक मनीष गहलोत के लिए
मुद्रक यशवंत भण्डारी द्वारा भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर 7,
जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर से प्रकाशित।
फोन : 9414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org